भारतीय रेड क्रास सोसायटी
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा
विषय– स्तन कैंसर से बचाव व इलाज
11 मई, 2024

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा की रेड क्रास इकाई द्वारा कॉलेज के विज्ञान परिसर में स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक वार्ता रोटरी क्लब गोण्डा ग्रीन के सहयोग से आयोजित की गयी। इस वार्ता में वार्ताकार जनपद की प्रतिष्ठित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 अंजू अग्रवाल थीं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में स्तन कैंसर की सम्भावना अधिक रहती है, परन्तु यदि प्राथमिक अवस्था में इसका पता लग जाये तो इसका प्रभावी उपचार सम्भव है, जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया जा सकता है, कम लागत में इलाज हो सकता है तथा अंग भंग व अन्य जटिलताओं से बचा जा सकता है। प्राथमिक अवस्था में इसका पता लगाने के लिये उन्होंने स्वयं स्तन परीक्षण विधि को विस्तार से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध सर्जन व प्रबन्ध समित के सदस्य डॉ0 आलोक अग्रवाल, प्रबन्ध समिति की सदस्य श्रीमती सुषमा त्रिपाठी भी उपस्थित थीं। डॉ0 अंजू अग्रवाल ने श्रोताओं की शंकाओं का समाधान भी किया।

अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रोफसर रवीन्द्र कुमार ने किया। प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल– इंचार्ज, रेड क्रास इकाई ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम की उपादेयता के विषय में बताया। इस वार्ता का लाभ कॉलेज परिवार की शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने प्राप्त किया।

डॉ0 रेखा शर्मा जी ने छात्राओं का फीडबैक देते हुये बताया कि कार्यक्रम के बाद लगभग पन्द्रह छात्राओं ने उनसे सम्पर्क किया और बताया कि उन्हें कुछ समस्यायें हैं जिन्हें वे अपने माता–पिता को भी नहीं बता पा रही थीं। अब वे माता–पिता से इन्हें बताकर उचित इलाज करायेंगी।

समय से इलाज करना ही स्तन कैंसर का बचाव : डा. अंजू

श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में रोटरी क्लब के सहयोग से आयोजित हुई निःशुल्क शिविर

गोण्डा (एसएनबी)। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की रेड क्रॉस इकाई द्वारा रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के सहयोग से विज्ञान परिसर में स्तन कैंसर पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू अग्रवाल ने छात्राओं से कहा कि स्तन कैंसर से डरने की जरूरत नही है। समय से इलाज की जरूरत है।

महिलाओं में यह गंभीर बीमारी है, लेकिन समय से इसका उपचार हो जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है और कम लागत में इसका इलाज हो सकता है तथा अंग भंग व अन्य जटिलताओं से बचा जा सकता है। इससे संकोच करने की जरूरत नही अपने माता-पिता को बता कर समय से उपचार कराने की जरूरत है। प्राथमिक अवस्था में इसका पता लगाने के लिए स्वयं वीडियो क्लिप के माध्यम से छात्राओं को स्तन परीक्षण विधि को विस्तार से बताया। निःशुल्क शिविर में प्रबंध समिति के सदस्य वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ आलोक अग्रवाल, सुषमा त्रिपाठी उपस्थिति रही। इन सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन रेड क्रॉस इकाई के इंचार्ज प्रो राजीव अग्रवाल ने किया। डॉ रेखा शर्मा ने छात्राओं का फीडबैक लेते हुए बताया कि कार्यक्रम के बाद कछ छात्राएं अपनी समस्याएं, जो अपने माता-पिता को नही कह पा रही थीं। वे सभी इस जागरूकता शिविर में जागरूक होकर अपने माता-पिता से बात कर इलाज कराएंगी।

शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित स्तर कैंसर शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि व महाविद्यालय परिवार।

कैंसर से डरें नहीं: डॉ. अंजू अग्रवाल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लाल बहादुर शास्त्री की रेडक्रॉस ईकाई द्वारा रोटरी क्लब ग्रीन सहयोग से विज्ञान परिसर में स्तन कैंसर पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू अग्रवाल ने छात्राओं से कहा कि स्तन कैंसर डरने की जरूरत नहीं है। समय से इलाज की जरूरत है। महिलाओं में यह गंभीर बीमारी है लेकिन समय से इसका उपचार हो जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। कम लागत में इसका इलाज हो सकता है तथा अंग भंग व अन्य जटिलताओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संकोच करने की जरूरत नहीं अपने माता-पिता को बता कर समय से उपचार कराने की जरूरत है।

डॉ. अंजू अग्रवाल को सम्मानित करतीं महाविद्यालय की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह।

प्राथमिक अवस्था में इसका पता लगाने के लिए स्वयं वीडियो क्लिप के माध्यम से छात्राओं को स्तन परीक्षण विधि को विस्तार से बताया। छात्राओं से ऐसे व्यक्तिगत होने वाली समस्याओं के लिए आपस में वार्ता की। निःशुल्क शिविर में प्रबंध समिति के सदस्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ आलोक अग्रवाल, सुषमा त्रिपाठी उपस्थिति रही। इन सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस इकाई के इंचार्ज प्रो राजीव अग्रवाल ने किया।

R. Agrawal